पत्रांकः–10 / न–63 / 2017..........1355

# शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक,

तसनीमुर रहमान,
विशेष निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक 12/10/2018

विषयः– **उर्सलाइन इंगलिश मिडियम स्कूल, कारीसाथ, भोजपुर को CBSE बोर्ड, नई दिल्ली से संबंद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **उर्सलाइन इंगलिश मिडियम स्कूल, कारीसाथ, भोजपुर** को अनापत्ति प्रमाण–पत्र देने के संबंध में उक्त विद्यालय के प्राचार्य / सचिव / विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यपालक दण्डाधिकारी के समक्ष लिये गये शपथ–पत्र के साथ संलग्न उक्त विद्यालय के अभिलेखों / कागजातों एवं जांच समिति के प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग की सक्षम समिति द्वारा की गयी। तद्नुसार विद्यालय की स्थिति निम्न प्रकार पाई गईः–

1. यह विद्यालय **रॉंची उर्सलाइन सोसाइटी** के अधीन संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति / परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

2. विद्यालय प्रबंधन द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी / न्यास के फेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3. विद्यालय **3.99 एकड़ भूमि** उपलब्ध है। विद्यालय का भवन है तथा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं अन्य सभी सुविधायें बोर्ड के मानक के अनुरूप है अथवा नहीं।**

4. विद्यालय में शिक्षक नियुक्त है। **विद्यालय मे कुल 17** शिक्षक है। **सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की नियुक्ति, उनकी योग्यता एवं प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है अथवा नहीं।**

5. विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाये जाने का दावा किया गया है।

6. विद्यालय द्वारा निर्धारित, शुल्कों, वार्षिक लेखा अंकेक्षण तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्रतिवर्ष सार्वजनिक करने का आश्वासन दिया गया है। विद्यालय अपने आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई करे इसे सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को सुनिश्चित करना होगा।

7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गयी है कि उसे विभागीय अधिसूचना संख्या–238, दिनांक–04.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है।

**अपेक्षित शर्तो के अनुसार :–**

**(i)** विद्यालय में कुल क्षमता का 25 प्रतिशत निःशुल्क नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चों को किया जायेगा तथा उनसे ट्यूशन शुल्क अथवा किसी अन्य प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा। ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत



Scanned with CamScanner

# बैठक की कार्यवाही

दिनांक–09.10.2018 को राज्य के निजी विद्यालयों को सी0बी0एस0ई0/आई0सी0 एस0 ई0 बोर्ड से संबंधता प्राप्त करने के लिए अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में निर्णय हेतु माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार की अध्यक्षता में आहुत बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

(1) प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना
(2) निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना
(3) विशेष निदेशक (मा०शि०), बिहार, पटना
(4) उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,

बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये :–

प्रस्ताव संख्या–1

विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त प्रस्ताव एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यपालक दण्डाधिकारी/प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत शपथ पत्र के माध्यम से प्राप्त कागजातों के आधार पर सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित विद्यालयों को अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया :–

(1) जयमाला शिक्षा निकेतन, ह्रदयगंज, कटिहार।
(2) इन्दिरापुरम् पब्लिक स्कूल गर्ल्स, दानापुर, खगौल रोड़, उर्जा नगर, आर0 के0 पुरम्, पटना
(3) शहीद रमण पब्लिक स्कूल, बनगॉव, सहरसा।
(4) उर्सलाइन इंगलिश मिडियम स्कूल, कारीसाथ, भोजपुर।
(5) गोवर्धन विद्यापीठ, रसलपुर, सारण।
(6) डी0 ए0 भी0 पब्लिक स्कूल,रोटरी कैम्पस अशोक नगर गया
(7) ज्ञान भूमि वर्ल्ड स्कूल, बदहपुर, पो0–भोरे, गया।
(8) गुरु ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल, पतसौरी, बांका।
(9) केम्ब्रीज स्कूल चौसा, बक्सर।
(10) सिद्धेश्वर पब्लिक स्कूल, मैयारी बजार, नोखा, रोहतास।
(11) आर्या पब्लिक स्कूल, प्ररिद्धनाथ, गोपालगंज।
(12) पेग्विन पब्लिक स्कूल, झपहॉ, मुजफ्फरपुर
(13) नन्द निकेतन पब्लिक स्कूल, अरेड, मधुबनी।
(14) जी0डी0 गोयंका पलिब्क स्कूल, पूर्णिया।
(15) सिटी सेन्ट्रल हाई स्कूल, जितवारिया कल्याणपुर, समस्तीपुर।
(16) माता मंगरी कुअर उच्च मध्य विद्यालय, कैमूर।
(17) गोल्डेन एरा इंटरनेशनल स्कूल, असनी, आरा (भोजपुर)।
(18) जे. के. इन्टरनेशल स्कूल, एन० एच०–28, पहाड़पुर, कुचायकोट, गोपालगंज।
(19) रॉयल इंगलिश स्कूल, पता–आजमनगर, थाना+पोस्ट– आजमनगर, कटिहार।
(20) संत मेरी एकेडमी, एकंगरसराय, नालंदा।
(21) ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, रुपसागर, मेन रोड़ (नवानगर), बक्सर।
(22) आर0 डी0 एस0 पब्लिक स्कूल, बिनटोलिया रोड, नियर फॉरलेन रोड, पो0–मुसेरी, छपरा (सारण)।
(23) द अर्थ हाई स्कूल, दरियापुर, बरुआ, सोनपुर, सारण।

Scanned with CamScanner

(24) एडुटेक मॉडल स्कूल रिविलगंज, सारण।
(25) अभयपुर नाथ पब्लिक स्कूल, अभयपुर कसबा पीरी बाजार, लखीसराय।
(26) दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल, रामदयाल, कॉटी, पताही मुजफ्फरपुर।
(27) गॉर्डीअन पब्लिक स्कूल, दरियापुर, गुरुआ रोड़, चेरकी, गया।
(28) B.P.S हायर सेकण्टी पब्लिक स्कूल, नवानगर, बक्सर।
(29) ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, खराज अकीमाबाग, समस्तीपुर।
(30) लिटिल फ्लावर्स स्कूल, पालीगंज, चंढ़ौस रोड़, पटना।
(31) बुद्वा वर्ल्ड स्कूल वैशाली, नजदीक वैशाली पुलिस स्टेशन वैशाली।
(32) दी आई0 ए0 एस0 विल्ले (टी0 आई0 भी0) लखनपुर, पो0+थाना–देसरी, महनार, वैशाली।

प्रस्ताव संख्या–2

विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त प्रस्तावों के समीक्षोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्न विद्यालयों के संबंध में त्रुटीपूर्ण/अस्पष्ट कागजात प्राप्त होने के कारण प्रस्ताव को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। संबंधित विद्यालयों द्वारा वांछित कागजात प्राप्त कर आगामी बैठक में विचारार्थ रखने का निर्णय लिया गया। वैसे विद्यालय निम्नवत है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | त्रुटि |
|---|---|---|
| (1) | R.K. INTERNATIONAL SCHOOL आर0 के पुरम्, दिनारा,रोहतास। | भूमि में विवाद है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास से जाँचोपरांत अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। |
| (2) | मनेर पब्लिक स्कूल, मनेर, पटना। | विज्ञापन भ्रामक प्रतीत होता है। विज्ञापन की मूल प्रति प्राप्त कर अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। |
| (3) | इफा पब्लिक स्कूल, जंगलछेरा, महुअर, पो0 सहुका, थाना–रामगढ़, जिला कैमुर। | भूमि अलग–अलग प्रतीत होता है। एक स्थान पर भूमि रहने के संबंध में शपथ पत्र उपलब्ध कराने एवं विज्ञापन की मूल प्रति प्राप्त करने के पश्चात अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। |
| (4) | संत मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, बाघमारा, पूर्णिया। | भूमि कम। जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्णियां से प्रतिवेदन प्राप्त कर अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। |
| (5) | विद्या वाटिका पब्लिक स्कूल, कैना, सिंघया, समस्तीपुर। | विज्ञापन अस्पष्ट। विज्ञापन की मूल प्रति प्राप्त करने के पश्चात अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। |
| (6) | बाल विद्या निकेतन सुकूलचक, करौना, जहानाबाद। | भूमि का माप अपलेखित प्रतीत होता है एवं स्कूल अथवा ट्रस्ट के नाम पर भूमि निबंधित नहीं हैं। आधारभूत संरचना की सूची अप्राप्त है। |
| (7) | पाटलीपुत्रा पब्लिक स्कूल, ओरमा, सिवान। | स्कूल अथवा ट्रस्ट के नाम पर भूमि निबंधित नहीं हैं। आधारभूत संरचना की सूची अप्राप्त है। |
| (8) | संत ब्रीटो हाई स्कूल, पकौली, रजासन, हाजीपुर वैशाली। | लीज डीड निबंधित नहीं। भूमि का माप अस्पष्ट। |

Scanned with CamScanner

(1) R.L.S पब्लिक स्कूल, बलूवाही, पिरो, भोजपुर।

(2) किएशन गुरूकूल रामगढ़वा, पूर्वी चम्पारण।

(3) St. Xavier's High School मौजा–रांति, हाति, राजनगर, मधुबनी।

(4) Nirmala Catholic School, Tirbirwa, Yadopur Road, Gopalganj.

(5) क्राइस्ट ज्योति इन्टरनेशनल स्कूल, धर्मोदय स्थली माधोपुर, सुस्ता, मुजफ्फरपुर।

प्रस्ताव संख्या–4

विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोंपरांत समिति द्वारा निम्नांकित विद्यालयों के संबंध में शुद्धि पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

(1) OPEN MINDS SCHOOL, BHAGALPURA.

(2) सरस्वती विद्या मंदिर, केशवनगर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर।

प्रस्ताव संख्या–5

विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोंपरांत समिति द्वारा CBSE, New Delhi को विभागीय पत्रांक–957 दिनांक–26.07.2018 द्वारा सम्बद्धता निरस्त करने की अनुशंसा के आलोक में सेफाली इन्टरनेशनल स्कूल, फतुहा, पटना को दिया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

9.10.18

उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना।

9/10/18

विशेष निदेशक (मा०शि०)
माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना।

9/10/2018

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना।

9/10/18

प्रधान सचिव
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

9/10/18

माननीय मंत्री
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– 10/न–07/2017......1315 पटना, दिनांक–12/10/2018

**प्रतिलिपि** :– माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के आप्त सचिव/विशेष निदेशक (मा. शि.) के निजी सहायक/उप निदेशक, मा० शि० (श्री रामेश्वर सिंह)/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–10 को सूचनार्थ प्रेषित।

12/10/18

विशेष निदेशक (मा०शि०)
माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना।

Scanned with CamScanner